प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में 1 हजार 498 करोड़ रुपए की 146 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– विकास और विरासत का समन्वय ला रहा है लोगों के जीवन में बदलाव।
2. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज लखनऊ में सांसद खेल महाकुंभ का किया उद्‌घाटन : कहा– सरकार की खेल नीतियों की वजह से देश में विकसित हुई नई खेल संस्कृति।
3. संयुक्त प्रवेश परीक्षा– जेईई मेन के दूसरे सत्र के परिणाम घोषित : प्रदेश के तीन होनहारों समेत 24 विद्यार्थियों ने हासिल किया 100 पर्सेंटाइल। और
4. अंबेडकरननगर में कल से पांच दिवसीय राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का होगा शुभारंभ : 31 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों के खिलाड़ी होंगे शामिल।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद गोरखपुर में एक हजार 498 करोड़ रुपए की 146 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसरपर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का

निर्माण हुआ है, जोकि दुनिया के लिए मॉडल बन गया है। नया भारत विकास और विरासत का समन्वय स्थापित करते हुए देशवासियों के जीवन में बदलाव ला रहा है। बाइट.....

*पिछले दस वर्षो में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में एक नया भारत हम देख रहे है। यह भारत जिसने विकास की नित नई प्रतिमान स्थापित किये है वो भारत जिसने आतंकवाद ओर नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के संकल्प के साथ जो कार्य अपना प्रारम्भ किया था, आज वो सफलता की एक नई ऊंचाई तक पहुंच करके दुनिया के लिये मॉडल बना हुआ है। नया भारत विरासत ओर विकास का अद्‌भुत समन्वय स्थापित करते हुए 140 करोड़ लोगों के जीवन मे परिवर्तन करने के लिये प्रतिबद्ध दिखाई दे रहा है, तो प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्ग दर्शन और नेतृत्व में नये भारत का ये उत्तर प्रदेश आज नये उत्तर प्रदेश के रूप में दुनिया के सामने हैं।*

---

मुख्यमंत्री यागीआदित्यनाथ आज गोरखपुर में बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत विचार गोष्ठी में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब ने अभाव व अपमान में रास्ता बनाया और सामाजिक बंधनों को तोड़ते हुए पूरे देश को सम्मान दिलाया। श्रो योगी ने कहा कि पिछली सरकारों ने उनका एक भी स्मारक नहीं बनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उनके पंचतीर्थ बनाए हैं। श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बढ़ रही है। बाइट.....

*डबल इंजन की सरकार जीरो पावर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़  गई है। अनुसूचित जाति, जनजाति, अतिपिछड़ी जाति कोई गरीब, कोई वंचित, कोई भी होगा, जिसको अभी तक योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया किन्हीं कारणों से एक साथ उन्हें सिचुएट करने काम ककरेगी तो सरकार बहुत जल्दी उनको लागू करने वाले है।*

मुख्यमंत्री ने पीएम स्वामित्व योजना का जिक्र करते हुए बताया कि यूपी में अबतक एक करोड़ लोगों को जमीन के पट्टे आवंटित कर दिए गये हैं।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में एक निजी कार्यक्रम में कहा कि डबल इंजन की सरकार में सबके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हुए आज का उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था के लिए ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश  आज विरासत और विकास की शानदार यात्रा का एक बेहतरीन मॉडल बन गया है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश को पहचान का संकट नहीं है।

————————

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई खेल संस्कृति विकसित हुई है। लखनऊ में आज सांसद खेल महाकुंभ का उद्‌घाटन करने के बाद श्री सिंह ने कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार ने खेलों के अनुकूल नीतियां अपनाई हैं। बाइट.....

*नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई स्पोर्टिंव कल्चर का विकास हुआ है। यह हम सभी भारतवासियों के लिये बहुत ही गौरव का विषय है। इस बदलाव के बीच देश भी बढ़ेगा। केन्द्र और हमारी उत्तर प्रदेश सरकार की स्पोर्ट्स फ्रेंडली पालिसी भी आप खेलो इंडिया के तहत तीन हजार से अधिक खिलाड़ियों को प्रतिमाह फिफ्टी थाउजन रुपये की सहायता दी जा रही है।*

उन्होंने कहा कि खेलो इण्डिया के माध्यम से आज के बदलते भारत में गांवों व छोटे शहरों की प्रतिभाओं को खुलकर आगे आने का मौका मिल रहा है। रक्षामंत्री ने कहा कि सरकार 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों का आयोजन गुजरात में करने के लिए पूरा प्रयास कर रही है। वहीं, अन्य विश्व स्तरीय खेलों का भी आयोजन भारत में हो, इसके भी प्रयास चल रहे हैं। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अगले नेशनल गेम्स के आयोजन के लिए प्रयास करना चाहिए। बाइट.....

*जहां तक उत्तर प्रदेश का सवाल है मैं प्रदेश के लोगों को प्रिय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से आग्रह करूंगा कि उत्तर प्रदेश में नेशनल गेम्स का आयोजन हुए लगभग 75 वर्ष से अधिक का समय हो गया है। अब समय आ गया है तैयारी की जानी चाहिये, ताकि लखनऊ में भी नेशनल गेम्स का आयोजन हो सके। यह समस्त लखनऊवासी चाहते हैं।*

———————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने आज संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जेईई मेन 2025 के दूसरे सत्र के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस बार, प्रदेश के तीन अभ्यर्थियों समेत देश के कुल 24 विद्यार्थियों ने 100 का परफेक्ट एनटीए स्कोर प्राप्त किया है। इस सूची में उत्तर प्रदेश के श्रेयस लोहिया,

कुशाग्र बैंगाहा और सौरभ का नाम भी शामिल है। कट–ऑफ के साथ परिणाम जईई मेन की आधिकारिक वेबसाइट– जेईईमेन डॉट एनटीए डॉट एन आई सी डॉट आई एन पर उपलब्ध है। इस परीक्षा में कुल 9लाख 92 हजार 350 परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे 61 लाख लाभार्थियों का सत्यापन प्रारंभ कर दिया है। नए वित्तीय वर्ष 2025–26 में योजना का लाभ केवल वास्तविक और पात्र व्यक्तियों को मिले, इसके लिए मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को सत्यापन का कार्य 25 मई तक पूरा कराने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सत्यापन के दौरान जो पेंशनर्स मृतक या अपात्र

पाए जाएंगे, उन्हें सूची से हटाकर नए पात्र वृद्धजनों को पेंशन दी जाएगी।

————————

केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र, आई4सी ने आज ऑनलाइन बुकिंग धोखाधड़ी को लेकर सार्वजनिक चेतावनी जारी की। मंत्रालय ने विशेष रूप से ऐसे मामलों को लेकर सचेत किया है, जिनमें देश में धार्मिक तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को निशाना बनाया जा रहा है। मंत्रालय ने लोगों से आग्रह किया है कि वे केवल आधिकारिक सरकारी पोर्टल या विश्वसनीय ट्रैवल एजेंसी के माध्यम से ही बुकिंग करें।

————————

प्रदेश के ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने एक और पहल की है। इसके तहत, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन 21 से 23 अप्रैल तक लखनऊ में किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यम शीलता राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल करेंगे।

————————

प्रदेश सरकार ने विभिन्न बांधों और जलाशयों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। इसके तहत चित्रकूट, महोबा, सोनभद्र, हमीरपुर, झांसी, सिद्धार्थनगर और बांदा जनपदों में स्थित सात प्रमुख बांधों और झीलों पर अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जाएगा। पेश है एक रिपोर्ट.....

*सरकार ने जिन बांधों और जलाशयों को ईको टूरिज्म के लिए चुना है। उनमें चित्रकूट में गुन्ता बांध, महोबा में अर्जुन डैम, सोनभद्र में धंधरौल डैम, हमीरपुर में मौदहा डैम, झांसी में गढ़मऊ झील, सिद्धार्थनगर में मझौली सागर और बांदा में नवाब टैंक को शामिल किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इन जलाशयों को पर्यटकों के लिए आकर्षक बनाना है। सरकार का मानना है कि इससे पर्यटन के विकास के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

————————

अंबेडकरनगर जनपद में कल स पांच दिवसीय 47वीं राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हो रहा है। जिलाधिकारो अविनाश सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए खेल गांव बनाया गया है और आयोजन से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बाइट.....

*पूरे देश से लगभग उनके करीब राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों की जो टीमें है वो इसमें भाग ले रही है। इस पूरे आयोजन को लेकर पूरे जनपद में ही नहीं, पूरे प्रदेश में बहुत ही उत्साह का माहौल है। चूंकि पहली बार हमारे जनपद में किसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है इसलिये भी इस बार कुछ खास बात है।*

————————

आईपीएल क्रिकेट में आज जयपुर में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से हो रहा है।

————————

मौसम विभाग ने कल प्रदेश के कई इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। इस दौरान कहीं कहीं वज्रपात के साथ आंधी आने की भी आशंका है।

(समाप्त)